प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.09.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पलामू में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़, दो जवान शहीद, एक गंभीर, कुछ नक्सलियों के भी मारे जाने की सूचना, सर्च अभियान जारी।
- जीएसटी काउंसिल की बैठक में आम आदमी को बड़ी राहत। दूध, ब्रेड, टीवी–फ्रिज और बीमा टैक्स फ्री, 12 और 18 फीसदी स्लैब भी खत्म।
- रिनपास का शताब्दी समारोह आज, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे शामिल, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने तैयारियों का लिया जायजा।
- रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट।
- जमशेदपुर के मनीषी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विश्व रिकार्ड की बराबरी की, दलीप ट्राफी में एक पारी में छह बल्लेबाजों को एलबीडब्ल्यू आउट करने का किया कारनामा।

*******************

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल जंगल में कल रात प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी –टीएसपीसी के साथ पुलिस की हुई भीषण मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गये हैं जबकि एक जवान जख्मी है। घायल जवान को इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमआरएमसीएच लाया गया है। एसपी रिष्मा रमेशन ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के भी मारे जाने और घायल होने की सूचना है। हालांकि फिलहाल उनके शव बरामद नहीं किये जा सके हैं। पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है।

*******************

जीएसटी परिषद ने वस्तु एवं सेवा कर में व्यापक सुधारों के तहत 5 फीसदी और 18 फीसदी की दो–स्तरीय टैक्स संरचना को मंजूरी दे दी है। नई व्यवस्था 22 सितंबर से लागू होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ कर दिया है कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब होंगे, जो 5 फीसदी और 18 फीसदी होंगे। 12 और 28 फीसदी के जीएसटी स्लैब को खत्म कर दिया गया है।

वित्तमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में रोजमर्रा के उपयोग वाले सामानों पर जीएसटी दरों में कटौती की गयी है। इसके अलावा छेना, पनीर, दूध रोटी, पराठे जैसे खाद्य उत्पाद जीएसटी फ्री होंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी परिषद ने व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों और फैमिली फ्लोटर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पॉलिसियां सहित व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी से छूट को मंजूरी दे दी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने जीएसटी दरों में कटौती का फैसला किया है जिससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान उन्होंने जीएसटी में सुधार की सरकार की मंशा के बारे में बात की थी।

*******************

इस बीच झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि जीएसटी की नयी नीति से राज्य को प्रतिवर्ष दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस नुकसान की भरपाई होनी चाहिए। श्री किशोर ने कहा कि केन्द्र को उन्होंने अपनी चिंता से अवगत करा दिया है और क्षति पूर्ति की मांग की है।

*******************

रांची के कांके स्थित रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलाइड साइंसेज–रिनपास के 100 साल पूरे हो गये हैं। इस खास मौके पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इससे पहले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रिनपास की बेहतरी के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।
गौरतलब है कि रिनपास में 1925 से अबतक 35 लाख मानसिक रोगियों का सफल इलाज हो चुका है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल देर शाम रांची महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करम पूजा महोत्सव में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, सभ्यता और जीवनशैली का प्रतीक है। करम महोत्सव झारखंड की संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

*******************

गढ़वा जिले में भूमि विवाद के मामलों के समाधान के लिये जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल शुरू की गयी है।

*******************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा सात जिलों पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******************

बेंगलुरु में 28 से 31 अगस्त तक नॉर्थ जोन व ईस्ट जोन के बीच चार दिवसीय दलीप ट्रॉफी मैच खेला गया। इस मैच में ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए जमशेदपुर के 21 वर्षीय युवा लेफ्टआर्म स्पिनर मनीषी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने पहली पारी में नॉर्थ जोन के छह बल्लेबाजों को एलबीडब्ल्यू आउट करके यह कारनामा किया। मनीषी ऐसा करने वाले दुनिया के छठे गेंदबाज बन गये हैं।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–
रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जीएसटी सुधारों के लिए उठाये गये कदमों की खबर को प्रमुखता दी है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– नवरात्र से टैक्स राहत की दिवाली।
हिन्दुस्तान के शब्द हैं– धान समेत सभी खरीफ फसलों की क्षति पर 15 तक डीसी से मांगी रिपोर्ट।
प्रभात खबर लिखता है– जेएसएससी पीटी में सामान्य कट ऑफ 40 तो एसटी–एससी के लिए 32 फीसदी तय।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पीटीटी का काम बंद।

***************